प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

गणतंत्र दिवस

76वां गणतंत्र दिवस देश सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी लेंगी। गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य कौशल का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिलेगा। परेड में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि होंगे। विभिन्न राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की 31 झांकियां शामिल होंगी। राष्ट्र और समाज निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से दस हजार विशेष अतिथियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री–शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हम उन सभी महान विभूतियों को नमन करते हैं, जिन्होंने हमारा संविधान बनाकर यह सुनिश्चित किया कि हमारी विकास यात्रा लोकतंत्र, गरिमा और एकता पर आधारित हो। यह राष्ट्रीय उत्सव हमारे संविधान के मूल्यों को संरक्षित करने के साथ ही एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने की दिशा में हमारे प्रयासों को और सुदृढ़ करे।

प्रदेश गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू भी समारोह में मौजूद रहेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता......................

ज़िला स्तर पर होने वाले समारोहों में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कुल्लू, उपाध्यक्ष विनय कुमार लाहौल स्पीति और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ऊना में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा कर्नल धनीराम शांडिल मंडी, चंद्र कुमार चंबा, हर्षवर्धन चौहान नाहन, जगत सिंह नेगी किन्नौर, रोहित ठाकुर हमीरपुर, अनिरूद्ध सिंह बिलासपुर, राजेश धर्माणी सोलन और यादविंद्र गोमा कांगड़ा में ध्वजारोहण करेंगे।

पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए एक सौ 39 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। प्रदेश के बिलासपुर जिले के बागवान हरिमन शर्मा को सेब की लो चिलिंग किस्म विकसित करने के लिए पदमश्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्होंने 8 साल के शोध के बाद सेब की ये किस्म तैयार की है। सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। भारतीय लेखक एमटी वासुदेवन नायर, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी और गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है।

परेड–साक्षी

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र जिला किन्नौर के सीमांत क्षेत्रों से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लगभग 27 लोगों को इस बार गणतंत्र दिवस में कर्त्तव्य पथ पर होने वाली परेड देखने के लिए अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर...

.

पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की घोषणाओं से जुड़ी ख़बर को दैनिक जागरण, पंजाब केसरी, हिमाचल दस्तक व दैनिक सवेरा टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है–ओसामु समेत चार को पदम विभूषण, हिमाचल के हरिमन शर्मा को पदमश्री।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–खिली धूप के चलते तापमान सामान्य से 7 डिग्री अधिक, 3 दिन मौसम साफ फिर बर्फबारी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–2 दिन शीतलहर चलने की अलर्ट, 29 को सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।

———————————